भोले की किरपा से

भोले की किरपा से हमरे ठाठ निराले है,
बाबा वाले है हम सुनो जी हम बाबा वाले है.

भोले के चलते भक्तो पहचान बनी है हमारी,
भोले का हाथ है सिर पे जाने ये दुनिया सारी,
सेवा मिली हमे भोले जी की किस्मत वाले है,
बाबा वाले है हम सुनो जी हम बाबा वाले है.

भजनो को तेरे गा कर मैं तो मस्ती में रहता,
रस्ते में जो भी मिलता हर हर बम बम ही कहता,
कदम कदम पर बन जाते भोले रखवाले है,
बाबा वाले है हम सुनो जी हम बाबा वाले है.

भोले ने जो भी दिया है उसे व्यर्थ न जूही गवाओ,
भोले की भक्ति करके थोड़ा सा कर्ज चुकाओ,
श्याम का सारा जीवन भोले तेरे हवाले है,
बाबा वाले है हम सुनो जी हम बाबा वाले है.

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5868/title/bhole-ki-krpa-se-mere-thath-nirale-hai-baba-vale-hai-hum-baba-vale-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |